**भारत सरकार**
**रेल मंत्रालय**

**लोक सभा**
**03.12.2025 के**
**अतारांकित प्रश्न सं. 469 का उत्तर**

**रेलवे में यात्रियों की सुरक्षा**

**469. डॉ. मोहम्मद जावेद:**

**क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:**

**(क) क्या सरकार ने रेलवे में यात्रियों की सुरक्षा बढ़ाने के लिए उपाय किए हैं और यदि हां, तो विगत पांच वर्षों के दौरान कार्यान्वित किए गए ऐसे उपायों का ब्यौरा क्या है और निकट भविष्य में किए जाने वाले प्रस्तावित उपायों का ब्यौरा क्या है;**

**(ख) विगत दस वर्षों के दौरान हुई रेल दुर्घटनाओं, उनमें मारे गए और घायल हुए लोगों का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है; और**

**(ग) इस अवधि के दौरान दुर्घटना के बाद की जांच रिपोर्टों के मुख्य निष्कर्ष क्या हैं और पहचान किए गए मुद्दों के समाधान के लिए सरकार द्वारा क्या सुधारात्मक कदम उठाए गए हैं?**

**उत्तर**


**रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री**
**(श्री अश्विनी वैष्णव)**

**(क) से (ग): भारतीय रेल में संरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाती है। पिछले कुछ वर्षों में किए गए विभिन्न संरक्षा उपायों के परिणामस्वरूप, दुर्घटनाओं की संख्या में भारी गिरावट आई है। परिणामी रेलगाड़ी दुर्घटनाएँ वर्ष 2014-15 में 135 से घटकर वर्ष 2024-25 में 31 हैं, जैसा कि नीचे दिए गए ग्राफ़ में दिखाया गया है।**

यह नोट किया जाए कि वर्ष 2004-14 की अवधि के दौरान 1711 (औसत 171 प्रति वर्ष) परिणामी रेलगाड़ी दुर्घटनाएं थीं, जो वर्ष 2024-25 में घटकर 31 रह गईं तथा वर्ष 2025-26 (नवंबर, 2025 तक) और घटकर 11 रह गईं।

रेलगाड़ी परिचालन में बेहतर संरक्षा दर्शाने वाला एक अन्य महत्वपूर्ण सूचकांक प्रति मिलियन रेलगाड़ी किलोमीटर दुर्घटना (एपीएमटीकेएम) है, जो वर्ष 2014-15 में 0.11 से घटकर वर्ष 2024-25 में 0.03 रह गया है, जो उक्त अवधि के दौरान लगभग 73% का सुधार दर्शाता है।

पिछले दस वर्षों के दौरान परिणामी रेल दुर्घटनाओं की संख्या नीचे दर्शाई गई है:-



भारतीय रेल पर हुई परिणामी रेलगाड़ी दुर्घटनाएं और उनमें हुए हताहतों (रेल यात्रियों और रेल कर्मचारियों सहित) की संख्या निम्नानुसार हैं:-

| अवधि | परिणामी रेल दुर्घटनाओं की संख्या | हताहतों की संख्या | घायलों की संख्या |
|---|---|---|---|
| 2004-05 से 2013-14 तक | 1,711 | 904 | 3,155 |
| 2014-15 से 2023-24 तक | 678 | 748 | 2,087 |
| 2024-25 | 31 | 18 | 92 |

जांच रिपोर्टों के अनुसार, पिछले पाँच वर्षों में हुई दुर्घटनाओं के कारण मुख्यतः रेलपथ खराबी, इंजन/डिब्बों में खराबी, उपकरण विफलताएँ, मानव चूक आदि शामिल हैं।

गाड़ी परिचालन में संरक्षा बढ़ाने के लिए किए गए विभिन्न संरक्षा संबंधी उपाय निम्नानुसार हैं:

1. पिछले कुछ वर्षों में भारतीय रेल में संरक्षा संबंधी गतिविधियों पर व्यय में वृद्धि हुई है, जो निम्नानुसार हैः

| संरक्षा संबंधी गतिविधियों पर व्यय/बजट (करोड़ रु. में) | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 2013-14 (वास्तविक) | 2022-23 (वास्तविक) | 2023-24 (वास्तविक) | 2024-25 | 2025-26 |
| 39,463 | 87,327 | 1,01,651 | 1,14,022 | 1,16,470 |

2. मानवीय चूक के कारण होने वाली दुर्घटनाएं दूर करने के लिए 31.10.2025 तक 6,656 स्टेशनों पर प्वाइंटों और सिगनलों के केंद्रीकृत परिचालन वाली इलेक्ट्रिकल/इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग प्रणाली की व्यवस्था की गई है।
3. समपार फाटकों पर संरक्षा बढ़ाने के लिए 31.10.2025 तक 10,098 समपार फाटकों पर इंटरलॉकिंग की व्यवस्था की गई है।

